

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

जिसको जो कहना है कहने दो आपका क्या जाता है समय–समय की बात है वक्त सबका आता है

गुरुवार 19 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 144 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## नालंदा विश्वविद्यालय में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू

### अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्तीकरण व कल्याणकारी योजनाओं पर दिया गया बल, आज आयेंगे केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर(नालंदा)– नालंदा विश्वविद्यालय में बुधवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन हुआ। इसमें अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। पहले दिन की शुरूआत तकनीकी और कार्यप्रणाली पर केन्द्रित रहा। इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (आईएफसीआई), फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली और सर्वे ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों ने अपनी बातें रखी और लोगों को विस्तार से जानकारी दी। मंत्रालय की योजनाओं में पारदर्शिता लाने और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग को बेहतर बनाने पर बल दिया गया।




**पांच प्रमुख विषयों पर केंद्रित रहीं चर्चा**

शिविर में मुख्य रूप से पांच बिंदुओं पर रणनीति तैयार की जा रही है। इनमें अवसं. रचना विकास (प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम), सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण (पीएम विकास और एनएमडीएफसी), वक्फ प्रबंधन और हज प्रबंधन शामिल है। अधिकारियों ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं और उनके समाधान के बारे में भी बताया। दूसरे दिन इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन योग सत्र से होगा। इसमें केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू शामिल होंगे।

वे मंत्रालय की पीएमजेवीके मोबाइल ऐप: परियोजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता के लिए, हज सुविधा स्मार्ट रिस्ट बैंड: हज यात्रियों की सुरक्षा और ट्रैकिंग के लिए और एआई–संचालित चौटबॉट: मंत्रालय के पोर्टल पर आम लोगों के सवालों का तुरंत समाधान देने के लिए सहित तीन प्रमुख तकनीकी पहलों को लांन्च करेंगे।

**ज्ञान की धरती नालंदा बनी गवाह**

मंत्रालय ने नालंदा विश्वविद्यालय को इस आयोजन के लिए चुना है जो भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और संवाद का प्रतीक है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के समीप हो रहे इस मंथन से अल्पसंख्यक कल्याण के लिए एक ठोस और कार्रवाई योग्य रोडमैप तैयार होने की उम्मीद है। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन के साथ–साथ विभिन्न राज्यों के विभागीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। दूसरे दिन बिहार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान के अलावा अरुणाचल प्रदेश के मंत्री केंटो जिनी, नागालैंड के सलाहकार इमकोंगमार, सिक्किम के मंत्री समदुप लेप्चा और त्रिपुरा के मंत्री शुक्ल चरण नोआतिया शामिल होंगे।केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में सभी हितधारकों ने अपने राज्यों की चुनौतियों और सुझावों को पटल पर रखा।



## रहूई प्रखंड क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ पहले दिन रहूई और अंबा की टीम विजयी

**केशववाणी रहूई (नालंदा)।** नालंदा जिले के रहूई प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान में रहूई प्रखंड क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार, भाजपा नेता अविनाश प्रसाद सिंह एवं पार्टी प्रवक्ता भवानी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सांसद कौशलेंद्र कुमार ने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन समिति के अनुसार यह क्रिकेट लीग 18 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेल का सशक्त मंच प्रदान करना, उनकी छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें नई पहचान दिलाना है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 पंचायतों की टीमों ने हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में रहूई और अंबा की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि गांवों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है और गरीब परिवारों के बच्चों को भी आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने में प्रसिद्ध समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा सहित रहूई प्रखंड के जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे तथा फाइनल मैच का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा।

## परवलपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन, संतों के प्रवचन से गूंजा क्षेत्र

### पूज्य गौतम जी महाराज एवं संत नागेंद्र दास सहित कई संत–महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट।** परवलपुर (नालंदा)। परवलपुर थाना के समीप सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। समाजसेवी विजय प्रकाश के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। कथा के शुभारंभ से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। इस आयोजन में पूज्य गौतम जी महाराज एवं संत नागेंद्र दास सहित कई संत–महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कथा में आसपास के गांवों के अलावा अन्य प्रखंडों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।





महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही बच्चों और ग्रामीणों के लिए झूले तथा विभिन्न प्रकार की दुकानों की व्यवस्था की गई है, जिससे आयोजन स्थल पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने प्रवचन में पूज्य गौतम जी महाराज ने कहा कि नालंदा प्राचीन काल से ही ज्ञान और संस्कृति की धरती रही है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि राजगीर एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी ख्याति देश–विदेश तक फैली हुई है। उन्होंने कहा कि ज्ञान बांटने के साथ–साथ सीखने की भावना भी जीवन में आवश्यक है।



वहीं संत नागेंद्र दास जी ने अपने प्रवचन में वर्तमान समय की सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर रहा है, जिसका परिणाम विभिन्न रोगों और समस्याओं के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने लोगों से प्रकृति संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि यदि समय रहते हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

सात दिवसीय इस श्रीमद् भागवत कथा को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के समापन तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## मैट्रिक बोर्ड परीक्षा को लेकर शहर में कड़ी यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह मुस्तैद



**केशववाणी प्रेम कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ में मैट्रिक बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर दिया गया है। परीक्षा के मद्देनज़र प्रमुख चौक–चौराहों, परीक्षा केंद्रों के आसपास तथा मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है। इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने बताया कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा को लेकर शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रखी गई है। परीक्षा के समय जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के उद्देश्य से यातायात संचालन को व्यवस्थित किया गया है। स्कूल बसों, अभिभावकों के वाहनों एवं अन्य यातायात को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि परीक्षा अवधि के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और अनावश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ न लगाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहर में की गई इस सख्त यातायात व्यवस्था से परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।




# प्रगति यात्रा की योजनाओं में तेजी, 87% तक पहुंचे तटबंध कार्य, कई बड़ी परियोजनाएं अंतिम चरण में



**केशववाणी** । शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा "प्रगति यात्रा" के दौरान की गई घोषणाओं के अनुपालन एवं कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विक. ासात्मक कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि घोषणाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं तथा जहां कार्य की गति धीमी है, वहां आवश्यक मानव बल एवं संसाधन लगाकर तेजी लाई जाए।

**प्रमुख योजनाओं की प्रगति**

प्रगति यात्रा के क्रम में स्वीकृत पंचाने सिंचाई योजना (गिरियक प्रखंड) के पुनर्स्थापन कार्य के तहत 59 किमी नहर में से 45 किमी मिट्टी कार्य पूरा किया जा चुका है। दायां मुख्य नहर, घा. `सरामा एवं नानंद वितरणी में कार्य जारी है। छह एक–पथीय एवं एक द्विपथीय सेतु का निर्माण प्रगति पर है। तीन आउटलेट का निर्माण पूरा हो चुका है तथा 14.30 किमी में से 3 किमी कैनाल लाइनिंग पूर्ण है। सरमेरा में समेकित कृषि अनुसंधान एवं कृषक समृद्धि केंद्र का 53 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। हिलसा पूर्वी बाईपास (7.07 किमी) में आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट, माइनर ब्रिज एवं एक आरओबी का निर्माण जारी है। 47 एकड़ भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है तथा शेष प्रक्रिया प्रगति पर है।बरगाइन पईन के जीर्णोद्धार का 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। सोहसराय हॉल्ट के पास प्रस्. तावित आरओबी–सह–रोटरी के निर्माण के लिए रेलवे से अद्यतन स्थिति मांगी गई है। लोकाइन नदी तटबंध पर कटाव निरोधक कार्य 87 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

अधियारा नदी उड़ाही एवं आरसीसी स्लूइस निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।अस्थावां–सकसोहरा पथ चौड़ीकरण में 5 प्रतिशत भौतिक प्रगति है। ऐतवारी बाजार से उपरौरा मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। धनावाडीह एवं गोपालबाद जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है। नूरसराय क्षेत्र में पक्का नाला निर्माण एवं पोखर गाद सफाई का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। एनएच–31 एवं एनएच–82 से संबंधित सड़कों के चौड़ीकरण में विद्युत पोल शिफ्टिंग का 80 प्रतिशत कार्य पूरा है। कोसुक से सिपाह पुल तक पंचाने नदी में सुरक्षात्मक एवं रिवर फ्रंट विकास कार्य 10 प्रतिशत पूर्ण है। बिहार–बख्तियारपुर पथ के चौड़ीकरण हेतु संवेदक से अनुबंध प्रक्रिया जारी है। एनएच–82 से राजगीर खेल अकादमी मोड़ तक चार लेन चौड़ीकरण में 10 प्रतिशत प्रगति है। 13 एचपी कल्वर्ट पूर्ण तथा दो बॉक्स कल्वर्ट निर्माणाधीन हैं। राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर विकास कार्य प्रगति पर है। इस्लामपुर एवं हरनौत प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का फाउंडेशन कार्य जारी है। चंडी, रहुई, गिरियक एवं अस्थावां में भवन निर्माण के लिए स्थल उपलब्धता एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है। इको–टूरिज्म विकास के तहत राजगीर वन क्षेत्र में ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं उन्नयन कार्य जारी हैं। जयप्रकाश उद्यान में पार्किंग व बाउंड्री वॉल मरम्मत पूर्ण है। इंद्रसाल गुफा में पाथवे निर्माण प्रारंभ हुआ है। घोड़ा कटोरा में 250 मीटर चौनलिंक फेंसिंग पूरी की गई है। वेणुवन में लेजर लाइट एंड साउंड शो हेतु निविदा प्रक्रिया जारी है। डायनासोर पार्क स्थापना हेतु वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य में तेजी लाने एवं जनहित की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।




# पैरू महतो सोमारी महाविद्यालय के पूर्व सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह का निधन, शोक सभा में दी गई श्रद्धांजलि

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्थानीय पहड़पुरा स्थित पैरू महतो सोमारी महाविद्यालय के पूर्व सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को स्मरण किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वलिराम प्रसाद सिंह ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने लगभग 38 वर्षों तक महाविद्यालय के सचिव के रूप में सेवा दी और अपने कार्यकाल में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि उनके सचिव काल में महाविद्यालय परिसर की चहारदीवारी का निर्माण, नए कमरों का निर्माण तथा विश्वविद्यालय से स्थायी मान्यता प्राप्त करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। उनके द्वारा किए गए योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। महाविद्यालय से जुड़े शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने उन्हें एक कुशल प्रशासक, कर्मठ व्यक्तित्व एवं संस्थान के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित व्यक्ति बताया। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके निधन से महाविद्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस अवसर पर प्रो. आनंद कुमार वर्मा ने बताया कि राजेंद्र प्रसाद सिंह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। शोक सभा में डॉ. अवधेश प्रसाद मेहता, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, प्रो. के.के. किशोर, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. मालती सिन्हा, प्रो. वीणा भारती, प्रो. ओम शांति, प्रो. दिनेश चंद्रा, प्रो. सूरज कुमार, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, प्रो. आनंद कुमार वर्मा, प्रो. भूपेंद्र कुमार, प्रो. अनिल कुमार, सूर्यकांत वर्मा, नारायण प्रसाद, अलखदेव प्रसाद, रवि रंजन, उदय कुमार, संदेश कुमार, राजीव रंजन, रामप्रवेश कुमार, शिवालक प्रसाद, सुशील कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभा का समापन दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ किया गया।

# वीरेंद्र ग्रुप केवाईपी सेंटर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित




**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट चंडी (नालंदा) ।** वीरेंद्र ग्रुप के केवाईपी सेंटर में एक समारोह आयोजित कर छात्रों के बीच केवाईपी (कुशल युवा कार्यक्रम) के प्रमाण पत्र एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए डीएसएम कृष्ण किशोर ने कहा कि केवाईपी कार्यक्रम बच्चों को समृद्ध और कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाती है। वीरेंद्र ग्रुप के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सुमन ने प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों से आए छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे बेझिझक और आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़े हों तथा समाज में कुशलतापूर्वक हर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आप सभी ने जो दक्षता प्राप्त की है, उसका उपयोग अपने जीवन में अवश्य करें। आज प्राप्त किया गया यह प्रमाण पत्र आपके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि आप इस शिक्षा का सही उपयोग करेंगे तो आपका जीवन सुखमय और सफल होगा।

समारोह के दौरान प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों से आए प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों द्वारा छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अध्यापन कर रहे विद्यार्थी एवं वीरेंद्र ग्रुप के डायरेक्टर मुन्ना सिंह, सेंटर कोऑर्डिनेटर पप्पू कुमार, लर्नर फैसिलिटेटर धर्मेंद्र कुमार, आशीष कुमार, अर्चना कुमारी, कृति सुमन, मोनी कुमारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और छात्रों में प्रमाण पत्र प्राप्त कर विशेष खुशी देखी गई।

# बिहारशरीफ के द वैलनेस क्लब जिम में स्क्वाट प्रतियोगिता का आयोजन, 56 वर्षीय महेंद्र सर ने मारी बाजी



**केशववाणी डायमंड कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ शहर का चर्चित द वैलनेस क्लब जिम इन दिनों फिटनेस के क्षेत्र में लोगों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और लोगों को बीमारियों से दूर रखने के उद्देश्य से जिम प्रबंधन द्वारा समय–समय पर विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिम परिसर में विशेष ग्रुप क्लास के तहत स्क्वाट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता को पुरुष और महिला वर्ग में विभाजित किया गया था। दोनों वर्गों में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। आयोजन के दौरान जिम में प्रतिस्पर्धा का रोमांच देखने को मिला और सभी प्रतिभागियों ने अपनी फिटनेस क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।पुरुष वर्ग में 56 वर्षीय महेंद्र सर ने सबसे अधिक स्क्वाट लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी फिटनेस और जोश ने युवाओं को भी प्रेरित किया। वहीं महिला वर्ग में भी विजेता प्रतिभागी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और उपस्थित सदस्यों की सराहना प्राप्त की।प्रतियोगिता के समापन पर जिम के हेड कोच रेयन्स सर ने वि. जेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासन ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। उन्होंने सभी से फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।जिम प्रबंधन ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिताएं और फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों। आयोजन की सफलता से जिम सदस्यों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

# सड़क पर लूट पाट करने वाले दो लुटेरा गिरफ्तार व लूटी गई कनवाली, 62सौ रुपया के साथ एक बाइक बरामद


**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय थाना पुलिस ने लूट पाट की घटना को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के अंदर दो लुटेरा को गिरफ्तार कर लिया।साथ ही लूटी हुई कनवाली,62 सौ नगद के साथ लूट में प्रयुक्त एक अपाची बाइक को बरामद किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मेयार मुर्गी फॉर्म के समीप राजन यादव अपने 45 वर्षीय भाभी के साथ बिहारशरीफ जाने के लिए ऑटो के इंतजार में मंगलवार को सड़क किनारे खड़े थ. `।तभी एक अपाची बाइक पर तीन लुटेरा आकर राजन यादव के भाभी के दोनों कानों के कनवाली को लूटना चाहा।पर राजन यादव लुटेरों से भिड़ गया।फिर भी लुटेरा एक कान की कनवाली लूटकर फरार हो गया।पीड़िता के फर्दब्यान पर नूरसराय थाना द्वारा त्वरित करवाई करते हुए छापेमारी कर तकनीकी अनुसंधान का प्रयोग कर दो लुटेरों को शिकानाख्त करते हुए लूट में प्रयोग की गईं अपाची बाइक को बरामद कर व दो लुटेरों को रहुई के देकपुरा गांव से गिरफ्तार किया गया।साथ ही लूटी गई कनवाली भी बरामद किया गया।दोनों लुटेरों के पास से 6200 रुपया नगद बरामद किया गया।गिरफ्तार लुटेरों की पहचान रहुई थाना के देकपुरा निवासी विनय सिंह के 22 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार और संतोष सिंह के 25 वर्षीय पुत्र गोविंद के रूप में किया गया।शेष लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।दोनों गिरफ्तार लुटेरों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।



# दिल्ली सड़क हादसे में प्रवासी युवक की मौत, शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**केशववाणी । राकेश पासवान की रिपोर्ट**

हरनौत (नालंदा)। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले स्वर्गीय विजय यादव के पुत्र सुजीत कुमार (40) का शव बुधवार को दिल्ली से एंबुलेंस द्वारा हरनौत प्रखंड के नर्चवार गांव लाया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों के बीच चीख–पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण शिव कुमार सिन्हा ने बताया कि पा. स्टमार्टम के बाद मृतक का शव उनके पैतृक गांव नर्चवार लाया गया। शव पहुंचते ही गांव में को. हराम मच गया। परिजनों के करुण विलाप से उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गईं। बताया जाता है कि सुजीत कुमार वर्षों से दिल्ली में रहकर एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। वे अपनी पत्नी और एक बेटे के साथ वहीं रहते थे तथा नियमित रूप से घर पैसे भेजकर परिवार का भरण–पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार, बीते 9 फरवरी को सड़क पार करने के दौरान एक स्कूटी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 16 फरवरी की शाम करीब छह बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।



मृतक के पिता का देहांत वर्षों पहले हो चुका है। दो भाइयों में सुजीत सबसे बड़े थे। वे अपने पीछे पत्नी और एकलौते पुत्र को छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।



# परमात्मा के अवतरण का महापर्व है महाशिवरात्रि

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट**

राजगीर (नालंदा)। राजगीर सेवा केन्द्र पर शिव ध्वजारोहण कर भाई बहनों को प्रतिज्ञा करायी गयी। ब्रह्माकुमारी अनुपमा बहन ने कहा कि महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए है। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है। शिवरात्रि परमात्मा ने श्रीमद् पर भागवत गीता में कहा है शिव परमात्मा भारत भूमि पर अवतरित होते हैं। भारत देश 33 कोटि देवी देवताओं का देश है। इन सभी देवताओं को बनाने वाले एक ही परमपिता परमात्मा शिव हैं। शिव की अनेक धर्म अनेक रूपों में भले ही पूजा की जाती है, परंतु उसका केंद्र बिंदु परमात्मा शिव के पास ही जाकर समाप्त होता है।परमात्मा शिव देवों के भी देव महादेव ब्रह्मा, विष्णु, शंकर के भी रचयिता हैं। त्रिमूर्ति तीनों लोगों के मालिक त्रिलोकी नाथ तीनों कालों को जानने वाले त्रिकालदर्शी हैं। विश्व की सभी आत्माओं के परमपिता परमात्मा शिव है। परमात्मा जन्म मरण से नारे हैं। उनका जन्म नहीं होता बल्कि परकाया प्रवेश होता है। सभी धर्म के लोगों ने अनेक नाम और रूप से शिव को ही याद किया है। सभी एक साथ मिलकर शिव ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बड़ी संगत के विवेक मुनि, पंडा कमेटी के विकास उपाध्याय, ब्रह्माकुमारी बबीता बहन, ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन, गुड़िया बहन, सोनू भाई, अमित भाई, मास्टर भाई, सोनू सहित अन्य शामिल हुए।

# पुलिस ने दो लोगों को शराब व देशी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर (नालंदा)। एसटीएफ पटना द्वारा जारी अलर्ट के बाद गिरियक थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को अवैध शराब और हथियार के साथ मंगलवार की रात में धर दबोचा। पकड़े गये आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस तथा भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब ले जाने वाली बाइक को भी जप्त किया। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार को एसटीएफ पटना से सूचना मिली कि अजय यादव उर्फ आजो अपने सहयोगी अरविन्द कुमार एवं अन्य अपराधियों के साथ पुलिस छापामारी दल पर गोली चलाने की योजना बना रहा है। सूचना पाकर गिरियक थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को जानकारी दी। रात साढ़े नौ बजे गुप्त सूचना मिली कि अजय यादव उर्फ आजो अपने साथी के साथ हथियार लेकर अवैध शराब बिक्री के उद्देश्य से राजगीर मोड़ की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर राजगीर मोड़ के पास सघन वाहन जांच चलाया गया। 10 बजे रात संगत मोड़ से नहर रोड होते हुए एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर चालक ने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। डीएसपी ने बताया कि तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे सफेद प्लास्टिक बोरे से 200–200 एमएल के 68 पाउच देशी शराब बरामद किया गया है।



वहीं अजय यादव के कमर से एक लोडेड देशी पिस्तौल और अरविन्द कुमार के पैंट की जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों की निशानदेही पर एक किराये के मकान से रॉयल स्टेग की 46 बोतल (375 एमएल), रॉयल चौलेंजर की 12 बोतल (375 एमएल), शराब पैकिंग रैपर के दो बंडल एवं एक सीलिंग मशीन जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा इस कांड में शामिल लोगों का नाम भी पुलिस को बताया गया है, जिसे फिलहाल गोपनीय रखा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध गिरियक थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम और आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निचली बाजार, थाना गिरियक, जिला नालंदा के रहने वाले हैं। छापामारी दल में गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक विभाकर चौधरी, राजेश कुमार एवं अन्य जवान थे।

# राजगीर में नाहुब चवर से एक बीघा में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाहुब गांव के चवर में अवैध रूप से की जा रही पोस्तादाना (अफीम) की खेती के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई 17 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर की गई।


जानकारी के अनुसार राजगीर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि नाहुब गांव के चवर में सरसों के खेत के बीच छिपाकर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारियों को दी गई। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम में अंचलाधिकारी राजगीर, थानाध्यक्ष राजगीर तथा पुलिस बल के अन्य अधिकारी शामिल थे। संयुक्त रूप से की गई छापेमारी के दौरान लगभग एक बीघा भूमि तथा अन्य छोटे–छोटे प्लॉट में पोस्तादाना (अफीम) की खेती पाई गई।

कार्रवाई के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया।



विधिवत जब्ती सूची तैयार कर नमूना संग्रहित किया गया और नियमानुसार पूरी फसल का विनष्टीकरण कर दिया गया।
प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी टीम में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्यप्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पुलिस सुनील कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अनुज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रमण कुमार, पु०अ०नि० पप्पू कुमार एवं परि० पु०अ०नि० भानु कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।
प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती करने वालों में हड़कंप मच गया है।



# लड़कियों के कंधे पर पूरे परिवार की होगी जिम्मेवारी : अनिता गुप्ता,शिक्षित व स्वस्थ रहकर ही अपने परिवार की बेहतर तरीके से कर सकती हे देखभाल

**केशववाणी** । राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)। स्थानीय बाजार में हमारी पाठशाला फेज चार के किशोर बालि. काओं के लिए अपने मासिक स्वास्थ्य और अधिकारों की वकालत जानकारी के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण दी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन एबीपीएम के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता, जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान, हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता, प्रशिक्षक मनोरमा रानी, टीम सुपरवा. इजर साहिल राज ने संयुक्त रूप से किया। अनीता गुप्ता ने कहा कि लड़कियां देश के भविष्य हैं। जीवन में आगे चलकर उनके उपर परिवार की जिम्मेदारी आने वाली है। इनसे ही आने वाले समय में एक गांव बसेगी। लड़की जब पढ़ जाय तो पूरा परिवार शिक्षित हो जायेगा। इस कारण उनको शिक्षित और स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है।



प्रशिक्षक मनोरमा रानी ने लड़कियों के अधिकार एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर हमारी पाठशाला फेज चार के शिक्षक भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद, राजेश कुमार सहित 90 प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा किया गया।




# भारत स्काउट-गाइड के छात्रों ने शांति स्तूप में चलाया स्वच्छता अभियान

**केशववाणी।** अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजगीर के भारत स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने पदयात्रा (हाइकिंग) के तहत बुधवार को विश्व शांति स्तूप परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों ने स्तूप के आसपास फैले कचरे की साफ–सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल का विकास करना रहा है। स्काउट और गाइड की गतिविधियों में कैंपिंग, हाइकिंग, सामाज सेवा तथा सामुदायिक विकास प्रमुख हैं। इससे छात्रों में जीवन कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। अभियान को सफल बनाने में रोपवे के मैनेजर दीपक कुमार भी शामिल रहे। प्राचार्य विवेक किशोर ने कहा कि स्काउट–गाइड के बच्चे अनुशासनप्रिय और सामाजिक कार्यों के प्रति सदैव तत्पर रहते हैं। विश्व शांति स्तूप पर देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों की आस्था जुड़ी है, इसलिए इसकी स्वच्छता बनाये रखना हम सबों का दायित्व बनता है। पदयात्रा में ऋषिकेश कुमार, संजय कुमार, शिवम शुक्ल, नेहा शर्मा और दीपिका सुमन भी शामिल थे।

# देवशरण महिला कॉलेज में स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**केशववाणी । प्रेम कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** देवशरण महिला कॉलेज में स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में कॉलेज परिवार के शिक्षकों एवं कर्मियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी ने की। इस अवसर पर प्रो. संजय, प्रो. जय प्रकाश, अवधेश प्रसाद, अवधेश प्रसाद सिंह, अजय कुमार, सुभाष चंद्र, सूरज भट्ट, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार, विजय पांडेय, सुधीर कुमार, मधुमिता पूनम, कल्याणी शर्मा, सुन्दर कुमारी, बेवी सहित अन्य कॉलेज कर्मी उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद वर्ष 1987 से फरवरी 2026 तक देवशरण महिला कॉलेज के शिक्षाविद एवं सचिव के रूप में जुड़े रहे। उनके संरक्षण और मार्गदर्शन में कॉलेज ने जिले में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने सं. स्थान के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वक्ताओं ने यह भी बताया कि उन्होंने पहाड़पुरा स्थित पी.एम.एस. कॉलेज में भी लगभग 38 वर्षों तक शिक्षाविद और सचिव के रूप में सेवा दी तथा कॉलेज के निरंतर विकास में अहम योगदान दिया।



उनके नेतृत्व में संस्थान ने शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक सुदृढ़ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की, जो गौरव और स्वाभिमान का विषय है। सभा के अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# तीन दिन बाद भी कोचिंग के लिए निकला छात्रा नहीं लौटा घर

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट।**
राजगीर (नालंदा)। थाना क्षेत्र के बंगाली पड़ा निवासी गौरव सिंह के मकान में किराया में रहकर कोचिंग कर पढ़ने वाला 15 वर्षीय छात्र सन्नू प्रसाद तीन दिनों से अपने घर नहीं लौटा है। इस बात की सूचना उसके दादा शिवनंदन प्रसाद ने थाना में दी है। उन्होंने बताया कि उनका पोता सन्नू प्रसाद बंगाली पड़ा में किराये में रहकर कोचिंग में पढ़ता था। 16 फरवरी को 7रू30 बजे सुबह कोचिंग के लिए निकला जो अब तक घर वापस नहीं आया है। शिवनंदन प्रसाद ने गया जिला के अतरी थाना क्षेत्र के झरना नौडीहा के रहने वाले हैं। मौजूदा समय में वे बंगाली पाड़ा में अपने पोते के साथ रहते हैं। कोचिंग में जाकर पता किया तो संचालक ने कहा कि वह ट्यूशन पढ़ने के लिए आया ही नहीं। काफी खोजा पर अब तक कहीं पता नहीं चल सका है। पुलिस भी जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा न्यूरो प्लस हॉस्पिटल के तत्वावधान में एक निरूशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन न्यूरो सर्जन डॉ. राजीव कुमार रंजन के नेतृत्व में किया गया। कैंप में मानसिक, शारीरिक, नस एवं हड्डी से संबंधित समस्याओं के साथ–साथ मस्तिष्क और मिर्गी जैसी बीमारियों के परामर्श और जांच की विशेष व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में मरीजों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार रंजन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जो लोग इस शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हैं, उनसे आगे भी परामर्श के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।लायंस क्लब ऑफ नालंदा के सर्विस प्रेसिड. ेंट लायन प्रोफेसर संजय कुमार ने कहा कि इस तरह की सेवा गतिविधियों से लोगों में चिकित्सा के प्रति विश्वास बढ़ता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में सर्विस सेक्रेटरी लायन राज रोशन, लायन दिवाकर सिंह, लायन मनीष कुमार गुप्ता सहित लायंस क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में सहयोग दिया।

# हत्या कांड में तीन अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर माननीय न्यायालय एडीजे–04, हिलसा (नालंदा) ने परवलपुर थाना कांड संख्या 340/1995 में तीन अभियुक्तों को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 324, 34 तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। न्यायालय ने प्राथमिकी अभियुक्त 1. बृजा उर्फ बृजनंदन सिंह (पिता स्व. रामातोर सिंह), 2. संजीव सिंह (पिता स्व. तृप्तीनारायण सिंह) एवं 3. अनंत उर्फ आनंत सिंह (पिता स्व. तृप्तीनारायण सिंह), सभी निवासी ग्राम गदाईचक, थाना परवलपुर, जिला नालंदा को दोषी ठहराया। न्यायालय ने धारा 302 भादवि के तहत सभी अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास एवं 25,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 307 भादवि के तहत प्रत्येक अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 रुपये अर्थदंड, अर्थदंड नहीं देने पर 3 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा दी गई।

धारा 324 भादवि के अंतर्गत 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड, अर्थदंड नहीं देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रत्येक अभियुक्त को 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड नहीं देने पर 2 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। न्यायालय के इस निर्णय को नालंदा पुलिस की प्रभावी अनुसंधान एवं सशक्त पैरवी का परिणाम माना जा रहा है।

